सूबे में सवा छह लाख महिला मतदाता बढ़ीं

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार के गोपालगंज में महिला वोटरों का अनुपात मतदाता सूची में सबसे अधिक है। गोपालगंज में एक हजार पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक 992 है। वहीं, मतदाता सूची में सबसे कम 848 महिलाएं मुंगेर में दर्ज हैं।

चुनाव आयोग के द्वारा एक जनवरी की तिथि के आधार पर मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन किए जाने के बाद ये जानकारी सामने आयी है। हालांकि राज्य स्तर पर मतदाताओं के लिंगानुपात में दो फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है। प्रारूप प्रकाशन के दौरान मतदाता सूची में लिंगानुपात 892 था जबकि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में यह अनुपात बढ़कर 894 है।

बिहार के नई मतदाता सूची में महिला वोटरों की संख्या में 6 लाख 34 हजार 517 वृद्धि हुई हैं। प्रारूप प्रकाशन के दौरान महिला मतदाताओं की संख्या राज्य में 3 करोड़ 32 लाख 73 हजार 462 थी जबकि अंतिम प्रकाशन के बाद यह बढ़कर 3 करोड़ 39 लाख 07 हजार 979 हो गयी।

लिंगानुपात में बढ़ोत्तरी को लेकर सभी जिलों में दिखा उत्साह : मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान लिंगानुपात में बढ़ोतरी को लेकर सभी जिलों में उत्साह दिखा। पश्चिमी चंपारण में 2019 में लिंगानुपात 858 था जबकि प्रारूप प्रकाशन के दौरान यह 858 ही था जो कि अंतिम प्रकाशन के दौरान बढ़कर 861 हो गया। वहीं, पूर्वी चंपारण में 2019 में यह 872 था जबकि प्रारूप प्रकाशन के समय बढ़कर 875 हो गया था, वह अंतिम प्रकाशन के दौरान और भी बढ़कर 879 हो गया।

मतदाता सूची में लिंगानुपात

शिवहर	879	सहरसा	936	भागलपुर	890	कैमूर	907
सीतामढ़ी	885	दरभंगा	888	बांका	882	रोहतास	906
मधुबनी	908	मुजफ्फरपुर	873	मुंगेर	848	अरवल	922
सुपौल	923	सीवान	914	लखीसराय	865	जहानाबाद	913
अररिया	903	सारण	871	शेखपुरा	901	औरंगाबाद	878
किशनगंज	944	वैशाली	860	नालंदा	890	गया	933
पूर्णिया	919	समस्तीपुर	879	पटना	905	नवादा	927
कटिहार	894	बेगूसराय	880	भोजपुर	852	जमुई	891
मधेपुरा	923	खगड़िया	886	बक्सर	880		